नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग

क्रमांक : नराकास/हीरक/2024/99 दिनांक : 01/01/2025

परिपत्र

विषय : 'हीरक जयंती' बैठक के अवसर पर नराकास स्तरीय 'कवि सम्मेलन' का आयोजन।

नराकास की विगत 59वीं छमाही बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी जनवरी-2024 बैठक को 'हीरक जयंती' बैठक के रूप में भव्य स्तर पर आयोजित किया जाना है। इस अवसर पर नराकास संस्थानों में कार्यरत कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को कविता पाठ हेतु आमंत्रित कर एक नराकास स्तरीय 'कवि सम्मेलन' का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तुति हेतु काव्य रचनाएँ आमंत्रित की जाती हैं। यह आयोजन निम्नलिखित मानदण्डों के अनुरूप किया जाना है : -

नराकास स्तरीय 'हीरक जयंती' 'कवि सम्मेलन' का आयोजन।	
विषय	देश-प्रेम, शिक्षा, स्वतंत्रता संग्राम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', हिंदी, साहित्य एवं सामयिक विषय
पात्रता	नराकास, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों के समस्त नियमित कार्मिक एवं उनके परिवारजन।
चयन	निर्णायक मंडल द्वारा चयन किया जाएगा, उनका निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। भाषा शैली, मौलिकता, प्रभावोत्पादकता एवं प्रस्तुति योग्य होने पर ही चयन किया जाएगा।
नियम	**हिंदी यूनिकोड में टाइप किए हुए अथवा स्पष्ट रूप से सुपाठ्य, काली स्याही से हस्तलिखित मौलिक कविताएँ ही स्वीकार की जाएंगी।**
प्रविष्टि प्रपत्र	प्रत्येक प्रविष्टि के साथ विवरण, जिसमें रचनाकार का नाम, विभाग, संस्थान पदनाम मोबाइल/फोन नंबर अथवा परिवारजन होने की स्थिति में कार्मिक से रिश्ता होना आवश्यक है **(प्रारूप संलग्न)**।
कवि परिचय	प्रविष्टि के साथ कवि अपना संक्षिप्त परिचय जिसमें बायो-डाटा के साथ साहित्यिक क्षेत्र में उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण संलग्न करें।
अंतिम तिथि एवं माध्यम	**कविता केवल सॉफ्ट कापी में** Word doc **फॉर्मेट में अथवा स्पष्ट रूप से सुपाठ्य, काली स्याही से हस्तलिखित कविता की स्कैण्ड कॉपी** राजभाषा विभाग को ई-मेल द्वारा bsprajbhasha@gmail.com पर अंतिम तिथि **10/01/2025** तक भेजें।
विशेष	**चयनित कविताओं को नराकास पत्रिका 'महानदी' के आगामी अंकों में प्रकाशित किया जाएगा।**
संपर्क	अधिक जानकारी के लिए नराकास के दूरभाष क्रमांक 0788-2861017 / 2850831 / 2860682 पर संपर्क किया जा सकता है।

1/1/2025

(सौमिक डे)

महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन, जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा)

भिलाई इस्पात संयंत्र

सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग

मानक वितरण (ई-मेल द्वारा)

(1) नराकास भिलाई-दुर्ग के माननीय सदस्यगण।

(2) नराकास भिलाई-दुर्ग के राजभाषा अधिकारीगण।

<u>प्रविष्टि प्रपत्र</u>

'हीरक जयंती' बैठक के अवसर पर नराकास स्तरीय 'कवि सम्मेलन' का आयोजन।

(प्रेषण हेतु अंतिम तिथि 10/01/2025)

रचनाकार का नाम श्री / सुश्री	
परिवारजन होने की स्थिति में कार्मिक का नाम व कार्मिक से रिश्ता	
पदनाम	
विभाग	
संस्थान का नाम	
मोबाइल नंबर	
ई-मेल	

घोषणा पत्र

मैं ------------------------------------ एतद्द्वारा यह प्रमाणित करता हूँ कि, प्रेषित कविता मेरी स्वरचित, मौलिक रचना है।

रचनाकार के हस्ताक्षर

संस्थान प्रमुख/विभाग प्रमुख/विभागीय हिंदी अधिकारी के मुहर सहित हस्ताक्षर

---XXX---